राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

प्रवासियों से राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा
राजस्थान का राजभवन आपका घर है, यहां आते रहें

जयपुर, 13 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रवासियों से कहा है कि वे अपनी जड़ों से जुड़ें। उन्होंने कहा कि राजस्थान का राजभवन आपका घर है, आप लोग यहां आते रहें। राज्यपाल ने कहा कि आप लोगों के आने से आपको और प्रदेश के लोगों को खुशी होगी।

राज्यपाल शनिवार को यहां राजभवन में गवर्नर रिलीफ फण्ड के लिए बनाई गई फण्ड संग्रहण एवं सलाह समिति के प्रतिष्ठित प्रवासी राजस्थानी सदस्यों से वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा कर रहे थे। राज्यपाल श्री मिश्र ने सभी सदस्यों से इस फण्ड की स्ट्रेथिंग के लिए चर्चा की।

राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान ऐसा प्रदेश है, जहां के उद्योगपति न केवल देश के दूसरे राज्यों में बल्कि अन्य देशों में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है। यह भक्ति की पावन धरा भी है। यहां का इतिहास विशेष है। राज्यपाल ने कहा कि इस समय कोविड–19 चल रहा है। इस आपदा में या अन्य किसी असामायिक आपदा में राज्य के लोगों की मदद करना हम सभी का धर्म है। उन्होंने कहा कि विभिन्न परिस्थितियों का आंकलन करके राज्यपाल राहत कोष के लिए एक संरचनात्मक योजना बनाई जायेगी ताकि इस कोष से समय–समय पर लोगों को राहत दी जा सके। राज्यपाल ने कहा कि इस कोष का उददे्श्य अधिक से अधिक लोगों को मदद पहुंचाने का होगा, चाहे मदद की राशि अल्प हो।

बैठक में शामिल हुए सीजी कॉर्प ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. वरूण चौधरी, चेन्नई के श्री एन.सुगालचन्द जैन, बैंगलुरू के श्री एच. केसरीमल बुराड जैन और मुम्बई के श्री मोफतराज पी. मुनोत ने राज्यपाल श्री मिश्र द्वारा किये जा रहे इस प्रयास की सराहना की। प्रवासी सदस्यों ने कहा कि वे लोग अपनी मातृ भूमि के लिए सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों की मदद करने जैसे पावन कार्य में भागीदारी के लिए उन्हें जो अवसर राज भवन से मिला है, उसका लाभ वे अवश्य उठायेंगे। राज्य के प्रवासियों ने एकमत होकर कहा कि राजस्थान की भूमि और यहां के लोगों की मदद के लिए वे आगे बढकर सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। प्रारंभ में बैठक की रूपरेखा राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार ने प्रस्तुत की। श्री कुमार ने सभी प्रवासियों का आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल और वित्तीय सलाहकार श्रीमती संध्या शर्मा भी मौजूद थे।

जनजातीय क्षेत्रों में राज्यपाल ने भेजे हाइजीन किट

जयपुर, 13 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को यहां राजभवन से प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के लिए हाइजीन किट भेजे हैं। राज्यपाल ने राजभवन के वाहन को शनिवार को हरी झण्डी दिखाकर राजभवन से रवाना किया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि प्रदेश के उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ, राजसमंद और चित्तौड़गढ जिले के लोगों को हाइजीन किट भेजे गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में पांच हजार मास्क, तीन हजार दस्ताने और तीन हजार साबुन भेजे गये हैं। यह हाइजीन किट जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भेजे गये हैं।

श्री मिश्र ने कहा कि यह हाइजीन किट गरीब व जरूरतमंदों को प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह किट पेटीएम, युवराज फाउण्डेशन और लाइफबाय के सहयोग से राज भवन को प्राप्त हुए हैं।

राज्यपाल ने कहा कि इस महामारी के दौर में लोगों की मदद के लिए सेवाभावी लोगों द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है और अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, (जस),राज्यपाल,
98292 71189